# राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

SWSHE
School Water Sanitation & Hygiene Education Cell

फोन नं: 0141–2708487 E-Mail:- swshecell@hotmail.com फैक्स न: 0141–2708487


क्रमांक : F.5 (4) (143)/RCEE/SWSHE/SVP/2016/ 3176 दिनांक : 22/6/17

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि./मा.शि)
एवं जिला परियोजना समन्वयक
सर्व शिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
जिला–[illegible]

**विषयः– स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार अन्तर्गत राज्य स्तर पर पुरस्कृत एवं राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामित विद्यालयों के राष्ट्रीय दल द्वारा अवलोकन के क्रम में।**

**संदर्भः– संयुक्त सचिव (एस.ई–1) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली के पत्रांक D.O.NO. - 27.98/2015-EE.16 दिनांक 15.06.2017**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि भारत सरकार द्वारा घोषित ''स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार'' हेतु आपके जिले के कुछ राजकीय विद्यालयों को राज्य स्तर पर 28 फरवरी 2017 को पुरस्कृत किया गया था तथा राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार हेतु नामित किया गया था। (सूची संलग्न)

इन विद्यालयों का राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार हेतु अन्तिम चयन करने के लिए **माह जून–जुलाई 2017** के दौरान उन्हीं विद्यालयों का भारत सरकार के राष्ट्रीय चयन दल (NEERMAN "Network for Engineering and Economics Research and Management") द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। राष्ट्रीय अवलोकन दल द्वारा जिला/ब्लाक अधिकारियों से सम्पर्क कर एवं सीधे ही इन नामित विद्यालयो का अवलोकन किया जाएगा। अतः निर्देशित किया जाता है कि जिला/ब्लाक अधिकारी एवं संबंधित विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय अवलोकन दल को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। अवलोकन/सत्यापन के दौरान विद्यालयों की विडियों रिकार्डिंग, फोटोग्राफी की जाएगी एवं शिक्षकों, छात्र/छात्राओं तथा एस.एम.सी के सदस्यों के साथ भी चर्चा की जाएगी। इन्हीं के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हेतु विद्यालयों का चयन किया जाएगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले के संलग्न सूची में अंकित विद्यालयों में विद्यालय को प्रदत स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार राशि एवं उपलब्ध मरम्मत एवं रख–रखाव अनुदान, भामाशह, सी.एस.आर. के तहत प्राप्त सहायता, स्थानीय दान दाताओं आदि के माध्यम से निम्नांकित कार्य अतिशीघ्र करवाया जाना सुनिश्चित करें :–

**पेयजल**

1. पेयजल स्रोत की उपलब्धता, क्रियाशीलता एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।
2. यदि पेयजल टंकियों में संधारित किया जाता है तो उनकी सफाई की नियमित व्यवस्था एवं उसका रिकार्ड संधारण व टंकी पर सफाई की दिनांक का अंकन किया जाए।
3. यदि हैण्डपम्प/बोरवैल है तो उसके आस–पास स्वच्छता एवं बेकार पानी के निकास व उपयोग की उचित व्यवस्था हो। (प्लान्टेशन में या सोख्ता गड्डे में)
4. यदि वर्षा जल संग्रहण टांका (RWHS) है तो उसके पाईप, फिल्टर चैम्बर एवं टांका कार्यशील स्थिति में हों। टांके के ऊपर लगाया गया हैण्डपम्प (खेंचू) या मोटर कार्यशील हों। टांके के पानी की शुद्धता (कीटाणु संक्रमण से मुक्ति हेतु क्लोरीनेशन करवाने) की व्यवस्था हो।
5. विद्यालय के पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण PHED की स्थानीय लैब से करवा कर उसकी रिपोर्ट संधारित की जाए।
6. मटकी से पेयजल निकालने के लिए डण्डीदार लोटे एवं गिलास की व्यवस्था हो।
7. यदि विद्यालय में R.O. सिस्टम लगा है तो वह क्रियाशील हो तथा पेयजल पात्रों की नियमित सफाई हो।

www.rajteachers.com

**साबुन से हाथ धोने की व्यवस्था**

1. शौचालय मूत्रालय के पास उपयोग उपरान्त साबुन से हाथ धोने की क्रियाशील स्थाई व्यवस्था उपलब्ध हो तथा उसकी स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।
2. M.D.M. से पूर्व बच्चों के सामूहिक रूप से साबुन से हाथ धोने की स्थाई व्यवस्था हो। इस हेतु टंकी से 5–7 नलों को जोड़कर व्यवस्था की जाए। नलों की ऊँचाई विभिन्न कक्षाओं में अध्ययरत विद्यार्थियों की ऊँचाई अनुसार रखी जाए।
3. पेयजल स्रोत तथा हाथ धोने की सुविधा के आस–पास बेकार पानी जमा नहीं हो। उसके निकास व पौधों में उपयोग की उचित व्यवस्था (नाली बनाकर) की जाए या सोख्ता गड्ढा बना कर उसमें बेकार पानी का निस्तारण किया जाए।
4. M.D.M. तैयार करने वाले कार्मिकों के लिए साबुन से हाथ धोने एवं बर्तनो को धोने की पृथक एवं अनुकूल व्यवस्था हो।

**शौचालय/मूत्रालय**

1. बालक–बालिकाओं के लिए पृथक–पृथक क्रियाशील एवं स्वच्छ शौचालय उपलब्ध हो।
2. प्रत्येक शौचालय/मूत्रालय में रनिंग वाटर सुविधा हो। इस हेतु शौचालयों/मूत्रालयों के ऊपर टंकी लगाकर नलों से जोड़ा जाए तथा टंकी भरने के लिए मोटर या हैण्डपम्प अटैच्ड फोर्स एण्ड लिफ्ट पम्प लगाया जाए।
3. शौचालय के समीप सेमीऐलिवेटेड टंकी (2–3 फुट की ऊँचाई पर) रख कर उसके माध्यम से भी रनिंगवाटर सुविधा उपलब्ध करवायी जा सकती है।
4. शौचालय/मूत्रालयों की नियमित सफाई एवं मॉनिटरिंग की उचित व्यवस्था हो।
5. बालिका शौचालयों के साथ सेनेट्री नेपकिन्स के डिस्पोजल के लिए इन्सीनरेटर की व्यवस्था हो, अथवा ढक्कनदार कचरा पात्र रखा हो जिसमें सैनेट्री वेस्ट का निस्तारण किया जा सके।
6. बालिका शौचालयों में अन्दर से कुन्दी लगाने की तथा कपड़े टांकने की खूँटियों की अनिवार्य रूप में व्यवस्था हो।
7. बालिका शौचालय के अन्दर साबुन से हाथ धोने की स्थाई व्यवस्था हो।

**उपयोग एवं रख–रखाव**

1. विद्यालय के प्रत्येक कक्षा–कक्षों एवं परिसर की नियमित साफ–सफाई की जाती हो एवं सम्पूर्ण विद्यालय परिसर स्वच्छ हो।
2. कक्षा–कक्षों एवं अन्य आवश्यकता वाले स्थानों पर ढक्कनदार कचरा–पात्र रखे हो तथा सूखा कचरा उनमें निस्तारित किया जाता हो।
3. विद्यालय का सूखा कचरा निस्तारित करने के लिए कचरा गड्ढा हो या पंचायत/नगरपालिका के कचरा पात्र में डाला जाए।
4. विद्यालय में बेकार पानी के निकास के लिए नालियाँ बनी हो तथा इस पानी का निस्तारण पेड़–पौधों में किया जाए।
5. विद्यालय के शौचालयों एवं पेयजल व्यवस्था की नियमित सफाई एवं मरम्मत की स्थाई व्यवस्था हो।
6. विद्यालय में शौचालयों/मूत्रालयों की सफाई हेतु वांछित सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध होने चाहिये।
7. विद्यालय को दिए गए स्वच्छता अनुदान के उपयोग का पृथक से रिकार्ड संधारित किया जाए। इसमें से किए गए व्यय का नियमित इन्द्राज विद्यालय की कैशबुक में किया जाए।

**व्यवहारगत परिवर्तन एवं क्षमतावर्धन**

1. विद्यालय में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर प्रशिक्षित शिक्षकों को विद्यालय स्वच्छता की मॉनिटरिंग एवं व्यवस्था का दायित्व दिया जाए। सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाए एवं इसका रिकार्ड संधारित किया जाए।
2. प्रार्थना सत्र के दौरान नियमित रूप से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर विद्यार्थियों को जानकारियाँ दी जाए एवं स्वच्छता जाँच की नियमित व्यवस्था की जाए।
3. विद्यालय में सेनिटेशन स्काउट दलों का गठन किया जाए एवं उनके माध्यम से विद्यालय में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित गतिविधियों को संचालित किया जाए।
4. विद्यालय परिसर में उपयुक्त स्थान पर दर्पण लगाया जाए, जिसका उपयोग बच्चे कर सकें।

www.rajteachers.com

5. विद्यालय में अध्ययरत छात्राओं को माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन की जानकारी दी जाए तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से सेनेट्री नेपकिन प्राप्त कर बालिकाओं को आवश्यकतानुसार उपलब्ध करवायी जाए।
6. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित डी–वार्मिंग एवं साप्ताहिक आयरन फोलिक ऐसिड अनुपुरण कार्यक्रम (WIFS व NIPI) की गोलियों का निर्धारित समय पर वितरण किया जाए एवं उनका रिकार्ड संधारित किया जाए।
7. विद्यालय में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से सम्बनिधत प्राप्त सामग्री को विद्यालय में उचित स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए जिससे बच्चों तक वांछित जानकारियाँ पहुँच सके।

उपरोक्तानुसार विद्यालयों में संस्था प्रधानों के माध्यम से व्यवस्थाएँ करवाना सुनिश्चित करें।

(मुकुल शर्मा)
अतिरिक्त आयुक्त

क्रमांक : F.5 (4) (143)/RCEE/SWSHE/SVP/2016/ 3177 दिनांक : 22/6/17

**प्रतिलिपि :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. निजी सचिव, आयुक्त, रा.प्रा.शि.प. जयपुर को IDMS के प्रकरण संख्या 673 दिनांक 16/06/2017 को निस्तारित करने हेतु
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रा.मा.शि.प., जयपुर
4. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, रा.प्रा.शि.प./रा.मा.शि.प., जयपुर
5. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान/माध्यमिक शिक्षा अभियान, जिला–.........
6. सहायक अभियन्ता, सर्व शिक्षा अभियान/माध्यमिक शिक्षा अभियान, जिला–.............................................
7. स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार चयनित विद्यालय के प्राधानाध्यापक/प्रधानाचार्य
8. रक्षित पत्रावली

22/06/2017

(बिन्द्रा सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

www.rajteachers.com

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | डुंगरपुर | रा.उ.प्रा.वि., गोठमाहुरी | 8270316401 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 21 | हनुमानगढ | रा.उ.मा.वि. डाबरी | 8020306212 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 22 | जयपुर | रा.प्रा.वि. नवीन ज्योति नगर | 8122605802 | प्रारम्भिक शिक्षा (शहरी) |
| 23 | जैसलमेर | रा.उ.मा.वि., अमर शहीद एस.एम. गोपा, जैसलमेर | 8160126103 | माध्यमिक शिक्षा (शहरी) |
| 24 | जालोर | रा.आदर्श.उ.मा.वि. जीवाना | 8180304701 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 25 | झालावाड़ | कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय | 8320300705 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 26 | झालावाड | रा.उ.मा.वि., मण्डावर | 8320206209 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 27 | जोधपुर | रा.उ.प्रा.वि. श्रीमति राधा बिंजवादिया | 8151701602 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 28 | करौली | रा.उ.मा.वि. नारोली डग | 8090500207 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 29 | पाली | रा.उ.मा.वि., कुडकी | 8200111506 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 30 | प्रतापगढ़ | रा.उ.प्रा.वि. खरखड़ा | 8331406101 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 31 | प्रतापगढ़ | रा.बा.उ.मा.वि., छोटी सादडी | 8331201001 | माध्यमिक शिक्षा (शहरी) |
| 32 | राजसमन्द | रा. आदर्श उ.मा.वि., मदारिया | 8250102402 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 33 | राजसमन्द | रा.उ.प्रा.वि., तितरी | 8250106403 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 34 | श्रीगंगानगर | रा.उ.प्रा.वि 66 एल.एन.पी | 8010423001 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 35 | श्रीगंगानगर | रा.बा.उ.प्रा.वि,10 बी.एल.एम | 8010517706 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 36 | सीकर | रा.उ.मा.वि., सिंहासन | 8130503408 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 37 | सवाई माधोपुर | रा.उ.मा.वि., गंगापुरसिटी वार्ड 31 | 8100321203 | माध्यमिक शिक्षा (शहरी) |
| 38 | टोंक | रा.मा.वि,दूणी | 8220504018 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 39 | उदयपुर | रा.उ.प्रा.वि, अजबारा | 8260904004 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 40 | उदयपुर | रा.प्रा.वि., दराफला | 8261206902 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |

www.rajteachers.com

| राज्य स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित 40 विद्यालयों की सूची | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | विद्यालय का नाम | यू–डाईस कोड | श्रेणी |
| 1 | अजमेर | रा.उ.प्रा.वि., बहादुरपुरा, मसूदा | 8210611701 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 2 | अलवर | रा.उ.प्रा.वि., मालाखेड़ा गेट | 8060819813 | प्रारम्भिक शिक्षा (शहरी) |
| 3 | बांसवाड़ा | रा.उ.मा.वि., प्रतापपुर बांसवाड़ा | 8280408018 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 4 | बाड़मेर | रा.मा.वि. संस्कृत, बोरावास | 8170314603 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 5 | बाड़मेर | रा.आ.उ.मा.वि., हीरा की ढाणी | 8171104807 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 6 | भीलवाड़ा | रा.उ.प्रा.वि., सुण्डा खेड़ा | 8240729204 | प्रारम्भिक शिक्षा (शहरी) |
| 7 | भीलवाड़ा | रा.बा.मा.वि., भूनास | 8240700402 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 8 | भीलवाड़ा | स्वामी विकेकानन्द मॉडल वि. ब्लॉक रायपुर | 8240600128 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 9 | बीकानेर | क.गा.बा.वि.,झाझु | 8030315412 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 10 | बीकानेर | रा.उ.मा.वि., नापासर | 8030107801 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 11 | बून्दी | रा.उ.प्रा.वि, बालिका बाडा नया गाँव | 8230108704 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 12 | बूँन्दी | क.गा.आ.वि., लाखेरी | 8230228301 | प्रारम्भिक शिक्षा (शहरी) |
| 13 | बूँन्दी | रा.आ.उ.मा.वि., अजेता | 8230500303 | माध्यमिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 14 | चित्तौड़गढ़ | रा.उ.प्रा.वि., प्रेम नगर | 8290525005 | प्रारम्भिक शिक्षा (शहरी) |
| 15 | चित्तौड़गढ़ | रा.उ.मा.वि. रावतभाटा 24 | 8290423202 | माध्यमिक शिक्षा (शहरी) |
| 16 | चुरू | रा.उ.मा.वि. छापर वार्ड न. 4 | 8040521902 | माध्यमिक शिक्षा (शहरी) |
| 17 | चुरू | रा.उ.प्रा.वि., अभयपुरा | 8040111901 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 18 | चुरू | रा.उ.प्रा.वि., बलिया | 8040109501 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |
| 19 | धौलपुर | रा.प्रा.वि, बारावाट | 8080310501 | प्रारम्भिक शिक्षा (ग्रामीण) |

www.rajteachers.com